कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर।

पत्रसंख्या- सो0मी0- स0कार्य- 03/2025 **दिनांक 11/04/2025**

सेवा में,

अपर पुलिस महानिदेशक,

वाराणसी जोन, वाराणसी, उ0प्र0।

अपने पत्र संख्याःवीजेड-सोशल मीडिया-(18)/2020/10720,दिनांकःजून 04,2020 व पत्र संख्याः41/6-पु-3/2020,दिनांकः04/06/2020 का (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने की कृपा करें, जो पुलिस विभाग एवं उसके अन्य इकाईयों द्वारा किये जाने वाले सराहनीय कार्यों एवं विशिष्ट उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किये जाने विषयक है।

कृपया

उक्त के संबंध में सादर अवगत कराना है कि जनपद गाजीपुर के पुलिस कर्मियों द्वारा उत्कृष्ट/सराहनीय कार्य के संबंध में **दिनांक 10.04.2025** की संबंधित सूचना निम्नवत् है-

01. मीडिया सेल व थाना खानपुर पुलिस टीम की तत्परता ने बचाई सोशल मीडिया पर सुसाइडल अटेम्प्ट करने वाले पीड़ित की जान।

दिनांक 09.04.2025 को सोशल मीडिया सेल डीजीपी ऑफिस से थाना खानपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम उचौरी में आशीष कुमार नाम के युवक द्वारा इंस्टाग्राम पर जहर खाकर आत्महत्या करने से संबंधित पोस्ट की सुसाइडल अटेम्प्ट की सूचना प्राप्त हुई, मीडिया सेल गाजीपुर द्वारा प्रकरण से अविलंब थाना खानपुर को अवगत कराया गया जिस पर खानपुर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मौके पर पहुंच कर पीड़ित से वार्ता/काउंसलिंग कर दोबारा ऐसा कृत्य न करने हेतु हिदायत देते हुए परिजनों को जानकारी देते हुए सुपुर्द किया गया।
पूँछताछ के दौरान पीड़ित द्वारा बताया गया कि उसका नाम आशीष कुमार सोनकर पुत्र कमलेश कुमार उम्र लगभग 18 वर्ष है जोकि औड़िहार रेलवे स्टेशन पर अपने पिता के साथ गन्ने के जूस की दुकान चलाता है, उसके द्वारा यह कृत्य/आत्महत्या का प्रयास किसी युवती के प्रेम प्रसंग में निराशावश किया गया।
पुलिस टीम द्वारा समझाने बुझाने के उपरांत पीड़ित एवं उसके परिजनों द्वारा पुलिस टीम का सहृदय धन्यवाद करते हुए भूरी भूरी प्रशंसा की गई।

02. थाना दुल्लहपुर पुलिस टीम द्वारा चोरी की मोटरसाइकिल के साथ 02 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उ0नि0 सर्वजीत यादव मय हमराह रात्रिगस्त चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन के दौरान सरसेना जलालाबाद बार्डर के पास से एक मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्तियो को पूछताछ हेतु रोका गया। पूछताछ/जांच से पता चला कि मोटरसाइकिल थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 67/25 धारा 303(2) बीएनएस बनाम अज्ञात मे चोरी गयी मोटरसाइकिल है। अभियुक्तो से नाम पता पूछने पर 01- इमरान अली पुत्र अब्दुल हफीज उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम जलालाबाद थाना दुल्लहपुर गाजीपुर 02- जमील अली पुत्र आलम उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम जलालाबाद थाना दुल्लहपुर जनपद गाजीपुर

बताया। कारण गिरफ्तारी बताते हुए अभियुक्त उपरोक्त को हिरासत पुलिस में लिया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम पता अभियुक्तगण -

1.इमरान अली पुत्र अब्दुल हफीज उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम जलालाबाद थाना दुल्लहपुर गाजीपुर

2. जमील अली पुत्र आलम उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम जलालाबाद थाना दुल्लहपुर जनपद गाजीपुर

बरामदगी का विवरण

एक अदद मोटरसाइकिल नम्बर UP61AH8552 सुपर स्प्लेण्डर

अभीयुक्तगण का वआपराधिक इतिहास-

मु0अ0सं0 67/2025 धारा 303(2),317(2) बीएनएस थाना दुल्लहपुर गाजीपुर

03. महिला सहायता प्रकोष्ठ/परिवार परामर्श केन्द्र गाजीपुर द्वारा मध्यस्थता के माध्यम से 02 परिवारों की करायी गई सकुशल विदाई।

श्रीमान पुलिस महोदय गाजीपुरके कुशल निर्देशन में आज दिनांक 10.04.2025 को पुलिस लाइन्स प्रांगण में महिला सहायता प्रकोष्ठ/परिवार परामर्श केन्द्र गाजीपुर द्वारा पति पत्नी के विवाद से संबंधित कुल 10 प्रकरण को सुना गया जिसमे काफी समय से विवादित चल रहे 02 प्रकरण में दोनों पक्षों को बैठा कर मध्यस्थता के माध्यम से बिना किसी दबाव के राजी खुशी से गिले शिकवे भुला कर विदाई करवाई गई 02 प्रकरण में कुशलता के बाद पत्रावली बंद कर दी गई 02 प्रकरण में विधिक सुझाव देते हुए पत्रावली बंद कर दी गई 04 प्रकरण में अभी मध्यस्ता न होने के कारण अगली तिथि निर्धारित की गई इन सभी प्रकरण के निस्तारण में काउंसलर कमरूद्दीन,उप निरीक्षक शशिधर मिश्रा, महिला आरक्षी संध्या, महिला आरक्षी अभिलाषा, आरक्षी शिव शंकर यादव, महिला होमगार्ड उर्मिला गिरी आदि लोग प्रमुख थे।

पुलिस अधीक्षक
गाजीपुर